प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

15 मार्च 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक और यूएई के केंद्रीय बैंक ने वित्तीय उत्पादों और सेवाओं में नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

भारतीय रिज़र्व बैंक और संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक (सीबीयूएई) ने सहकारिता बढ़ाने तथा वित्तीय उत्पादों और सेवाओं में संयुक्त रूप से नवोन्मेष को सक्षम बनाने के लिए आज आबू धाबी में एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू के अंतर्गत, दोनों केंद्रीय बैंक फिनटेक के विभिन्न उभरते क्षेत्रों, विशेष रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं (सीबीडीसी) पर सहयोग प्रदान करेंगे तथा सीबीयूएई और भारतीय रिज़र्व बैंक के सीबीडीसी के बीच अंतरपरिचालनीयता की जांच करेंगे। सीबीयूएई और भारतीय रिज़र्व बैंक, विप्रेषण और व्यापार के लिए सीमापारीय सीबीडीसी लेनदेन की सुविधा हेतु संयुक्त रूप से द्विपक्षीय सीबीडीसी ब्रिज के अवधारणा साक्ष्य (पीओसी) और प्रायोगिक (कों) आयोजित करेंगे। सीबीडीसी के सीमापारीय उपयोग मामले के परीक्षण के इस द्विपक्षीय समझौते से लागत के कम होने, सीमापारीय लेनदेन की दक्षता में वृद्धि होने तथा भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच आर्थिक संबंधों के और अधिक मजबूत होने की आशा है। एमओयू में फिनटेक तथा वित्तीय उत्पादों और सेवाओं से संबंधित मामलों पर तकनीकी सहयोग और ज्ञान साझा करना भी शामिल है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1874